राजधानी •
वर्ष 17 | अंक 110 | पृष्ठ : 14+8
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
सोमवार, 29 जुलाई 2019

amarujala.com | कुश्ती | विनेश, साक्षी मलिक और दिव्या को विश्व चैंपियनशिप का टिकट...11 | दिल्ली-एनसीआर

जागरूकता — अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से लगाया स्वास्थ्य और दंत जांच शिविर

दांतों पर पड़ता है शुगर और रक्तचाप का असर

ऑमाई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी वन के फर्स्ट एवेन्यू में रविवार को अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस डेंटल कॉलेज और बिल्डर के सहयोग से दंत एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया। शिविर में 62 लोगों ने जांच करवाई। 16 लोगों ने दांतों की सफाई भी करवाई।

चिकित्सकों ने दांतों के साथ-साथ रक्तचाप की जांच भी की। साथ ही लोगों को परामर्श दिया। चिकित्सकों ने कहा कि शुगर और उच्च रक्तचाप का असर दांतों पर पड़ता है। रविवार सुबह दस बजे शिविर शुरू हुआ। दोपहर दो बजे तक सोसाइटी के लोगों ने जांच करवाई। आईटीएस के डा. अमित चौहान ने बताया कि ज्यादातर लोगों के दांतों में कीड़े मिले हैं। उसकी वजह से दांतों में दर्द हो रहा था। इन्हें अस्पताल बुलाया गया है। एक्सरे करने के बाद इलाज किया जाएगा। वहीं, कई लोगों के दांत गंदे मिले। उन्हें सफाई करवाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि शुगर और उच्च रक्तचाप के कारण भी कई लोगों के दांतों में परेशानी मिली। कुछ लोगों के मसूढ़े में सूजन आई हुई थी। दांतों की देखभाल करने को लेकर काउंसलिंग की गई। सुबह और रात को सोते समय ब्रश करने की सलाह दी गई। माउथवॉश खाने के बाद कुल्ला करे। शिविर में तंबाकू सेवन करने वाले लोगों को भी जागरूक किया गया। निशुल्क निकोटिन की टैबलेट दी गई।

शिविर में आईटीएस के डा. कृष्णा, महक, रिम्मी, शिवांगिनी, रिबू, धर्मेंद्र, विनित, लोकेश, सुखबीर व सीपी सिंह ने अहम भूमिका निभाई। वहीं, बिल्डर की तरफ से शत्रुघ्न व मेंटेनेंस की टीम ने सहयोग किया।

AMAR UJALA FOUNDATION

अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से गौड़ सिटी एवेन्यू-1 में आयोजित स्वास्थ्य एवं दंत शिविर में दातों की जांच करतीं चिकित्सक।

गौड़ सिटी वन के फर्स्ट एवेन्यू में 62 लोगों ने कराई जांच, तंबाकू सेवन करने वालों को किया जागरूक